राजस्थान सरकार
प्रारम्भिक शिक्षा विभाग
कार्यालय, समन्वयक, प्री डी.एल.एड. परीक्षा, एवं पंजीयक, शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ, राजस्थान, बीकानेर

वैबसाइट विज्ञापन संख्याः 18/2023 दिनांक 24.07.2024

–: प्री डी.एल.एड. परीक्षा 2023 के अभ्यर्थियों के लिए रिफण्ड बाबत सूचनाः–

प्री डी.एल.एड. परीक्षा, 2023 के लिए ऑनलाइन काउन्सलिंग के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न होने के पश्चात प्रवेश में असफल रहे अभ्यर्थियों को पंजीयन शुल्क एवं अतिरिक्त शुल्क राशि लौटाई जानी है। इसके लिए अधिकृत वैबपोर्टल (panjiyakpredeled.in)) पर रिफण्ड मॉड्यूल दिनांक 01.05.2024 से प्रारम्भ किया था। उक्त मॉड्यूल में रिफण्ड हेतु आवेदन की **अंतिम तिथि 31.07.2024** तक की गई है, किन्तु देखने में आया है कि लगभग 20000 (बीस हजार) अभ्यर्थियों द्वारा आज दिनांक तक रिफण्ड हेतु आवेदन नहीं किया गया है। परीक्षार्थी स्वयं की लॉगिन आईडी से बैंक खाता संबंधी जानकारी देकर रिफण्ड हेतु आवेदन कर सकते हैं, जिन्होंने अभी तक रिफण्ड हेतु आवेदन नहीं किया है वे अंतिम तिथि दिनांक 31 जुलाई 2024 का इंतजार न करते हुए तत्काल आवेदन करें ताकि अन्य अभ्यर्थियों के साथ उन्हें भी रिफण्ड प्रक्रिया में शामिल करके रिफंड कार्यवाही पूर्ण की जा सकें।

नोटः– यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा आवेदन किये जाने में किसी प्रकार की समस्या आ रही है तो वह अपनी एप्लीकेशन आई. डी, नामांक, पंजीकृत मोबाईल नं, के विवरण सहित अधिकृत वैबपोर्टल की हेल्पडेस्क predeledhelpdesk2023@gmail.com पर मेल करें।

(डॉ. कुलदीप बुडानिया)
उप समन्वयक

RajKaj Ref
9205100

Signature valid
Digitally signed by Kuldeep Budania
Designation : Assistant Director
Date: 2024.07.24 13:18:56 IST
Reason: Approved